पंजाब केसरी 26-10-2024

जी.एम.एन. कॉलेज परिसर में हुआ 'डिजी दीवाली उत्सव'

अम्बाला, 25 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज परिसर में शुक्रवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग द्वारा 'डिजी दीवाली उत्सव' का आयोजन किया गया। ग्रीन दीवाली के थीम पर आधारित इस उत्सव में कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगोली, दीया सजावट, एथनो एक्सप्रैस, ई-कार्ड और रील मेकिंग के माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके खूब रंग जमाया, बल्कि 'प्रदूषण रहित दीवाली' का संदेश भी दिया। इन सांस्कृतिक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं में लगभग 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एम.बी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान के उद्घाटन भाषण से हुई और साथ ही कम्प्यूटर अनुप्रयोग विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर एवं विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रत्येक गतिविधि का मूल्यांकन कॉलेज के विभिन्न विभागों के सम्मानित निर्णायकों द्वारा किया गया। रंगोली और दीया सजावट कार्यक्रम को डा. शिखा जग्गी

जी.एम.एन. कॉलेज परिसर में आयोजित 'डिजी दीवाली उत्सव' में रंगोली करतीं छात्राएं। (देवदत्त)

ने जज किया। एथनो एक्सप्रैस और रील्स को डा. उपिंदर कौर एवं डा. मनजीत कौर ने जज किया। अंत में ई-कार्ड का मूल्यांकन डा. भारती विज और डा. रितु गुप्ता द्वारा किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा प्रत्येक स्पर्धा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने प्रतिभागियों एवं विजेताओं को अपने ज्ञान के शब्दों से प्रबुद्ध किया और सभी को पटाखों रहित प्रदूषण मुक्त हरित दीवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। पूरे कार्यक्रम में प्रो. योगिता बख्शी, प्रो. प्रियंका वर्मा, प्रो. कमलप्रीत कौर, प्रो. कवीश नायक एवं डा. गीता कौशिक ने अहम भूमिका निभाई।